सूचना सहायक के पदों पर भर्ती हेतु परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रम :—

सूचना सहायक के पदों पर सीधी भर्ती हेतु परीक्षा की स्कीम निम्नानुसार होगी :— परीक्षा दो भागों में होगी। केवल वे अभ्यर्थी जो परीक्षा के भाग–I में अर्हित होते हैं परीक्षा के भाग–II में उपस्थित होने के लिए पात्र होंगे। परीक्षा के भाग–I के लिए अनुज्ञात अंक और समय तथा परीक्षा के भाग–II के लिए अनुज्ञात समय निम्नानुसार होगा :—

भाग I –लिखित परीक्षा

	अधिकतम अंक	समय
योग्यता परीक्षण, सूचना प्रौद्योगिकी में सामान्य जानकारी और कम्प्यूटर के मूल सिद्धान्त	100	3 घण्टे

भाग II – अहर्ता टंकण गति परीक्षण :

	समय
(क) हिन्दी	15 मिनट
(ख) अंग्रेजी	15 मिनट

टिप्पणी :

अर्हता टंकण गति परीक्षण में कोई अंक प्रदान नहीं किये जायेंगे और योग्यता सूची परीक्षा के भाग–I में प्राप्त अंकों के आधार पर ही तैयार की जायेगी किन्तु केवल वे अभ्यर्थी जो टंकण गति परीक्षण में अर्हता प्राप्त करते हैं योग्यता सूची में सम्मिलित किये जाने के पात्र होंगे।

भाग–I– लिखित परीक्षा का पाठ्य विवरण

योग्यता परीक्षण, सूचना प्रौद्योगिकी में सामान्य जानकारी और कम्प्यूटर के मूल सिद्धान्त

(क) प्रोब्लम सोल्विंग, डाटा इन्टरप्रिटेशन, डाटा सफीशियन्सी लाजिकल रीजनिंग, मेन्टल एबिलिटी एण्ड एनालिटिकल रीजनिंग। भारत और राजस्थान से संबंधित सामान्य ज्ञान तथा समसामयिक मामले, सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मुख्य विकास।

(ख) इनपुट–आउटपुट डिवाइसिस, पाइण्टिंग डिवाइसिस और स्कैनर सहित ओवरव्यू ऑफ द कम्प्यूटर सिस्टम।

(ग) इन्ट्रोडक्शन टू ऑपरेटिंग सिस्टम, वर्ड प्रोसेसिंग (एमएस–वर्ड), स्प्रेड शीट सॉफ्टवेयर (एमएस–एक्सल), प्रजेन्टेशन सॉफ्टवेयर (एमएस–पावर पोइन्ट), डीबीएमएस सॉफ्टवेयर (एमएस–एक्सेस)।

(घ) रिप्रजेन्टेशन ऑफ डाटा (डिजिटल वर्सेज एनालॉग, नम्बर सिस्टम–डेसिमल, बाइनरी एण्ड हेक्साडेसिमल), इन्ट्रोडक्शन टू डाटा प्रोसेसिंग, कान्सेप्ट्स ऑफ फाईल्स एण्ड इट्स टाईप्स।

(ङ) इन्ट्रोडक्शन ऑफ इन्टरनेट टेक्नोलोजी एण्ड प्रोटोकॉल, लेन, मेन, वेन, सर्च सर्विसस/इन्जिंस, इन्ट्रोडक्शन टू ऑनलाईन एण्ड ऑफलाईन मेसेजिंग, वर्ल्ड वाइड वैब ब्राउजर्स, वेब पब्लिशिंग, क्रियेशन एण्ड मेन्टेनन्स ऑफ वेबसाईट्स, एचटीएमएल इन्टरएक्टिविटी टूल्स, मल्टीमीडिया एण्ड ग्राफिक्स, वॉईस मेल एण्ड विडियो कान्फ्रेन्सिंग, इन्ट्रोडक्शन टू ई–कॉमर्स।

(च) सिक्यूरिटी प्रोटेक्टिंग कम्प्यूटर सिस्टम फ्रोम वाइरसैस एण्ड मेलिशस अटैक्स, इन्ट्रोडक्शन टू फायरवाल्स एण्ड इट्स यूटिलिटी, बैकअप एण्ड रिस्टोरिंग डाटा।

(छ) एलगोरिथ्म फॉर प्रोब्लम सोलविंग, इन्ट्रोडक्शन टू सी लेंगवेज, प्रिन्सिपल्स एण्ड प्रोग्रामिंग टेक्नीक्स, इन्ट्रोडक्शन ऑफ आबजेक्ट आरिएन्टेड प्रोग्रामिंग (ऊप्स) कान्सेप्ट्स इन्ट्रोडक्शन टू ''इन्टिग्रेटिड डवलपमेंट इन्वायरमेंट'' एण्ड इट्स एडवान्टेजिस।

भाग–II– टंकण गति परीक्षण

केवल उन अभ्यर्थियों का कम्प्यूटर मशीन पर हिन्दी और अंग्रेजी भाषाओं में गति परीक्षण लिया जायेगा जो परीक्षा के भाग–I में अर्हित हुए है। परीक्षा के भाग–II (अर्हता टंकण गति परीक्षण) में प्रविष्ट किये जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या विज्ञाप्ति रिक्तियों (प्रवर्गवार) की लगभग तीन गुना होगी।

सामान्य मार्गदर्शन के लिए टिप्पणी :

1. प्रश्नपत्र का स्तर भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय की स्नातक परीक्षा जैसा होगा। प्रत्येक प्रश्नपत्र के विस्तार की संक्षिप्त रूपरेखा अभ्यर्थियों के सामान्य मार्गदर्शन के लिए इस सनुसूची में बतायी गयी है किन्तु इसका सर्वतः पूर्ण होना आशयित नहीं है।
2. यदि किसी अभ्यर्थी को हस्तलेख सुपाठ्य न हो तो उसके द्वारा प्राप्त कुल अंकों में इस कारण कुछ अंकों की, जो उसे अन्यथा प्रोदभूत होते, कटौती कर दी जायेगी।
3. परीक्षा के प्रश्नपत्र के प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार या वर्णनात्मक प्रकार या दोनों प्रकार के हो सकेंगे।
4. परीक्षा के प्रश्नपत्र (पत्रों के समस्त वर्णनात्मक प्रश्नों में शब्दों की समुचित मितव्ययता के साथ की गयी सुव्यवस्थित, प्रभावशाली तथा सही अभिव्यक्ति को महत्व दिया जायेगा।

नोटः– सूचना सहायक भर्ती परीक्षा में ऐसे अभ्यर्थियों को जो लिखित परीक्षा में कुल मिलाकर न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करें, लिखित परीक्षा में अर्हक अंक अभिप्राप्त किया हुआ समझा जायेगा, किन्तु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिये लिखित परीक्षा में न्यूनतम अर्हक 36 प्रतिशत होगें। बोर्ड/नियुक्ति प्राधिकारी अपने स्वविवेक से कुल मिलाकर तीन तक अनुग्रह अंक प्रदान कर सकेगा।